सार-समाचार

बच्ची को सर्जरी से दी सुंदर मुस्कान

उदयपुर, (कासं)। दांतों की सुन्दरता केवल सौंदर्य का सवाल नहीं, बल्कि एक स्वास्थ्य संबंधी जरूरत बन गई है। बढ़ती हुई डेंटल समस्याओं के साथ ऑर्थोडॉन्टिक ट्रीटमेंट (ब्रेसेस) का चलन बढ़ता जा रहा है। और ऐसी ही समस्या से पीडित एक 18 वर्षीय लड़की को ऑर्थोडॉन्टिक ब्रेसेस और ली फोर्ट 1 ऑस्टियोटॉमी सर्जरी के माध्यम से सुन्दर और स्वस्थ मुस्कान दी हैबेदला स्थित पेसिफिक डेन्टल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर एवं पीएमसीएच की टीम ने। दसअसल यह लडकी कटे तालु से जुड़ी कार्यात्मक और सौंदर्य संबंधी समस्या से पीड़ित थी। लडकी की मैक्सिलरी कमियों को ठीक करने और चेहरे की समरूपता में सुधार करने के लिए ली फोर्ट 1 ऑस्टियोटॉमी सर्जरी की गई। इस सफल इलाज में पेसिफिक डेंटल कॉलेज और रिसर्च सेंटर की सर्जिकल टीम ने ऑर्थोडॉन्टिक्स विभाग डॉ.पीयूष बोल्या के मार्गदर्शन में ऑर्थोडॉन्टिक ब्रेसिज उपचार सफलतापूर्वक किया, इसके बाद कटे होंठ और कटे तालु एवं जबडे की विकृति और चेहरे की समरूपता के सुधार के लिए ली फोर्ट 1 ऑस्टियोटॉमी सर्जरी की गई जिसमें बर्न,कॉस्मेटिक एवं प्लास्टिक सर्जन डॉ.गुरूभूषण, मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ.प्रियंक राय, ऐनिस्थिशिया विभाग के डॉ.प्रकाश औदिच्य, डॉ.स्वाति शर्मा, मनोज, पायल और जिमी की टीम का सहयोग रहा। ऑर्थोडॉन्टिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.पीयूष बोल्या ने बताया कि यह सर्जरी मरीज की ठीक से चबाने, बोलने और सांस लेने की क्षमता को बढाने के साथ चेहरे के समग्र सौंदर्य में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। मैक्जिलरी ली फोर्ट 1 ऑस्टियोटॉमी एक उन्नत सर्जिकल प्रक्रिया है, जिसका उपयोग ऊपरी जबडे (मैक्जिला) की संरचनात्मक समस्याओं को ठीक करने के लिए किया जाता है। यह सर्जरी मुख एवं दंत चिकित्सा में क्रांति लाने वाली प्रक्रियाओं में से एक मानी जाती है। बच्ची के परिजनों ने पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अठावाल,सभी चिकित्सकों, मैनेजमेंट, नर्सिंग कर्मियों व स्टॉफ का आभार जताया।

हत्यारे को गिरफ्तार करने की मांग

उदयपुर, (कासं)।शहर के समीप नाई थाना क्षेत्र के 26 अक्टूबर को एक युवक की हत्या कर दी थी। पुलिस द्वारा अभी तक हत्यारे को गिरफ्तार नहीं करने पर कलाल समाज में आक्रोश व्याप्त है और इसी को लेकर समाज के लोगों ने कलेक्ट्री पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। जानकारी के अनुसार पन्नालाल पूर्बिया की पिछले माह 26 अक्टूबर को उंदरी में हत्या हो गई थी। हत्यारे की अभी तक गिरफ्तारी नहीं होने से कलाल समाज में भारी रोष व्याप्त हैं। नवंबर को कलाल समाज ने प्रशासन को ज्ञापन दिया था और शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई थी, परंतु करीब एक माह बीत जाने के बाद भी किसी की गिरफ्तारी नहीं होने से कलाल समाज में भारी रोष व्याप्त है। शुक्रवार को कलाल समाज के महिला एवं पुरुषों ने कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन दिया एवं हत्यारे को शीघ्र गिरफ्तार की मांग की। पूर्बिया समाज उदयपुर ईकाई अध्यक्ष दिनेश पूर्बिया व चौधरी मेवाडा समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष लोकेश चौधरी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाडा को ज्ञापन दिया और शीघ्र ही हत्यारे को गिरफ्तार करने की मांग की गई। इस मौके पर हरीश सुहालका, सुर्य प्रकाश पूर्बिया, नोजी राम पूर्बिया, मुकेश पूर्बिया, नन्द लाल पूर्बिया, मोहन लाल पूर्बिया, रेवंती लाल पूर्बिया, कमल पूर्बिया सहित कई लोग उपस्थित थे।

हादसे में युवक की मौत, एक घायल

उदयपुर, (कासं)। शहर के सविना थाना क्षेत्र में ट्रोले की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार रूपेश कुमार (24) पुत्र शिवाजी दास निवासी भगवानपुर वेनी उर्फ गंगापुर वेनी बिहार जो अपने अन्य साथियों के साथ सूर्या नगर तितरडी में रहता था और डाकनकोटडा में एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। यह युवक 19 नवम्बर को अपने एक साथी जितेन्द्र के साथ बाईक पर सवार होकर डाकनकोटडा से अपने कमरे की ओर आ रहा था। इस दौरान रास्ते में डाकनकोटडा पैट्रोल पंप के पास में सामने से तेजगति में आ रहे ट्रोले ने इसे टक्कर मार दी, जिससे बाईक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एमबी चिकित्सालय लेकर गए, जहां पर उपचार के दौरान रूपेश कुमार की मौत हो गई। जितेन्द्र घायलावस्था में भर्ती है। मृतक के परिजनोंके आने पर एएसआई नवीन ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

खेर की लकड़ी से भरा ट्रक जब्त

उदयपुर, (कासं)। शहर के समीप टीडी थाना पुलिस ने एक ट्रक में अवैध रूप से परिवहन कर ले जाई जा रही 10 टन खेर की लकडी के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी फैलीराम ने बताया कि सूचना मिली कि एक ट्रक में अवैध रूप से खैर की लकडी परिवहन कर ले जाई जा रही है। इस सूचना पर थानाधिकारी के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल करतार सिंह, कांस्टेबल चन्द्र कुमार, गजेन्द्र, पुष्पराज, नेमीचंद की टीम ने नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक आता दिखा जिसे रुकवाने का प्रयास किया तो चालक ने ट्रक को भगाने का प्रयास किया गया। जिसका पिछा कर रूकवाकर ट्रक में सवार लोगों से पूछताछ की तो चालक ने अपना नाम वारिश निवासी तिजारा व उसके पास बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राहुल खान निवासी रामगढ अलवर होना बताया। ट्रक के उपर से तिरपाल को हटाकर देखा तो अंदर खैर की गीली लकडी का भरी थी। पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

रास्ते जाते युवकों से मारपीट

उदयपुर, (कासं)। शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में एक युवक ने तीन युवको के खिलाफ रोककर मारपीट करने का मामला दर्ज करवाया है। जानकारी के अनुसार प्रकाश पुत्र शंकर ने रिपोर्ट दी कि वह अपने एक साथी के साथ बापू बाजार से होकर निकल रहा था। इस दौरान हमारे पीछे से तीन लडके आएउजिनमे एक का नाम भावेश व दुसरे का नाम कमलेश था। उसके साथ एक दो ओर बदमाश थे। इन चारों ने उसे बख्तावर लाल हॉस्पीटल बापू बाजार के सामने उसे रोका मारपीट कर दी। शोर मचाने पर मौके पर लोग एकत्रित हो गए और लोगों को एकत्रित होता देखकर आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राष्ट्रीय एकता व अखंडता को बनाए रखने का महत्व बताया

राजसमंद, (निसं)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने जिले के डुमखेडा (महासतियों की मादडी), बिनोल और गाछालों का गुडा (सुंदरचा) गांवों के दौरे के दौरान राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बंटेंगे तो कटेंगे का संदेश इतिहास की सच्चाई है। जब-जब देश बंटा है, तब-तब यह खंडित हुआ है। आज का संदेश है कि एक रहेंगे, सेफ रहेंगे। एक रहेंगे, सेफ रहेंगे का मंत्र आज जन-जन की आवाज बन चुका है। यह केवल नारा नही, बल्कि हर भारतीय की सुरक्षा और समृद्धि की गारंटी है।

राजसमंद के गचालो का गुडा (सुन्दरचा) में विधायक दीप्ति माहेश्वरी (बीच में) ने देवनारायण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शिरकत की।

- **माहेश्वरी ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों की नीतियां राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए घातक हैं**

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कांग्रेस और उसके गठबंधन सहयोगियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे अंग्रेजों और मुस्लिम आक्रांताओं की बांटो और राज करो की नीति पर चल रहे हैं। उन्होंने ग्रामवासियों को कांग्रेस की हिंदू द्रोह की नीति से सतर्क रहने का आव्हान किया और कहा कि यह नीति देश की एकता और अखंडता के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास इस बात का गवाह है कि जब हम बंटे, तो हमने अपनी संप्रभुता और अखंडता को खोया। आज जरूरत है कि हम एकजुट रहें और राष्ट्र विरोधी षड्यंत्रों से सावधान रहें। डुमखेडा (महासतियों की मादडी), बिनोल और गाछालों का गुडा (सुंदरचा) गांवों के दौरे पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कांग्रेस और उसके गठबंधन सहयोगियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण ये पार्टियां कट्टरपंथी जिहादी विचारों का समर्थन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ये दल हिंदू सभ्यता और संस्कृति के प्रतीक चिन्हों का षड्यंत्र पूर्वक अपमान कर रहे हैं। जिससे देश की सांस्कृतिक जडों पर प्रहार हो रहा है।

एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे और बटेंगे तो कटेंगे का संदेश इन जिहादी राजनीति करने वालों को विचलित कर रहा है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने ग्रामवासियों को आगाह करते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों की नीतियां राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए घातक हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब भी देश को बांटा गया तब-तब इसकी संप्रभुता और अखंडता को गहरी चोट पहुंची है। माहेश्वरी ने कहा कि जिहादी विचारधारा का समर्थन करने वाली यह राजनीति केवल समाज को विभाजित करने और अपनी सत्ता की लालसा पूरी करने के लिए की जा रही है। उन्होंने ग्रामवासियों से इन षड्यंत्रों से सावधान रहने और देश की एकता व अखंडता को मजबूत बनाए रखने की अपील की।

सार-समाचार

सूने फ्लैट से जेवरात व नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। शहर के सुखेर थान क्षेत्र में भुवाणा स्थित राजकमल होटल के पीछे कमलश्री अपार्टमेंट के थर्ड फ्लोर स्थित फ्लैट में शुक्रवार को दिनदहाडे बदमाशों ने घर में घुसकर लूट कर दी। बदमाशों ने इस फ्लैट से लाखों के जेवरात और नकदी लेकर भागने ही वाले थे कि घर में रहने वाली महिला आ गयी। बदमाशों ने महिला के साथ मारपीट की उनका पर्स भी छीन लिया और फिर उन्हें धक्का देकर घर से लूटे जेवर व नकदी लेकर फरार हो गए। महिला के चिल्लाने पर पडोसी आए, महिला को उठाया। बाद में पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से बदमाशों को चिह्नित करने का प्रयास कर रही है।मिली जानकारी के अुनसार पीडिता भुवाणा स्थित कमलश्री अपार्टमेंट के थर्ड फ्लोर के 301 फ्लैट निवासी ज्योति शर्मा ने बताया कि उनके पति सुभाष शर्मा पेसिफिक हॉस्पिटल भीलों के बेदला में ऑपरेशन थिएटर इंचार्ज हैं। शुक्रवार को पति काम से भीलवाडा गए थे, बच्चा स्कूल गया था। सुबह करीब 11 बजे महिला कुछ सामान लेने घर पर ताला लगाकर निकलीं। वे एक घंटे में करीब 12 बजे सामान लेकर वापस आयीं और जैसे ही घर में दरवाजे पर पहुंची और टूटा हुआ ताला देखा तो घबरा गई। महिला ज्योति ने जैसे ही घर के अंदर जाने के लिए दरवाजा खोला तो अंदर से एकदम से बदमाश बाहर निकले। ज्योति ने उन्हें पकडने का प्रयास किया तो बाहर निकले दोनों बदमाशों ने महिला के साथ मारपीट कर उनका पर्स छीना और धक्का देकर वहां से फरार हो गए। महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर पडोसी आए तो महिला ने पूरी घटना बतायी। महिला घर के अंदर गई तो पूरे घर का सामान बिखरा हुआ था और बदमाश अलमारी के रखे जेवर-नकदी भी लूट ले गए। पडोसियों ने पुलिस को सूचना दी।

समोर बाग में सजा तिब्बती बाजार

उदयपुर, (कासं)।सर्दी को लेकर अब उदयपुर शहर के समोर बाग में तिब्बती मार्केट सज गया है। उदयपुर के स्थानीय लोगों के साथ ही टूरिस्ट भी खरीददारी कर रहे है। यहां बाजार लगाने वाले बरसों से इस सीजन में यहां आ रहे है। करीब 57 दुकान लगी है। वेडिंग सीजन में भी सर्दी को लेकर विंटर वियर्स की मांग ज्यादा है। समोर बाग में गर्म कपडों के सबसे बडे तिब्बती मार्केट में लोग नइ-नई वैरायटी खरीदने पहुंचने लगे हैं। सुबह 8.30० बजे से रात 10 बजे तक बाजार खुला रहता है। तिब्बती मार्केट के अध्यक्ष शाओ के अनुसार हर साल फैशन का ट्रेंड बदलता है। ऐसे ही गर्म कपडों में भी बडा बदलाव आता है। वे बताते है कि हम भी पूरे साल इस ट्रेंड के मुताबिक नए कपडे तैयार करते हैं। यहां हर एज ग्रुप के लिए ट्रेंडिंग कपडे हैं। शाओ धोनदूप ने बताया पार्टी वेयर ड्रेसेस में वन पीस के साथ लॉन्ग फ्रेंच कोट या ओवर साइज नीटेड स्वेटर्स हैं।

ओरा फोटोग्राफी केम्प आज से

उदयपुर, (कासं)। योगा प्राणा एनर्जी रिसर्च चेरिटेबल फाउन्डेशन, अहमदाबाद की ओर से उदयपुर में पहली बार 23 और 24 नवंबर को ओरा फोटोग्राफी केम्प का आयोजन किया जा रहा है। फाउंडेशन के धवल ढोलकिया ने बताया कि ओरा फोटोठाफी के माध्यम से हम बीमारी से पहले बीमाारी के संकेत के बारे में पता कर सकते हैं। इस तकनीक को एक रुसी वैज्ञानिक ने इजाद किया है।

यह फोटाग्राफी एक मशीन के माध्यम से होती है। इसमें शरीर के सभी अंगों की अंदरुनी फोटाग्राफी होने के बाद शरीर के सभी अंगों की रिपोर्ट तैयार की जाती है। रिपोर्ट यह बताती है कि आपके शरीर के किस अंग में क्या कमजोरी है और आने वाले वक्त में क्या बीमारी हो सकती है। इससे पहले से ही प्राणायम, योगासन या अन्य विधा से हम अपना इलाज शुरु कर बीमारी को रोकने के लिए जागरुक हो सकते हैं। यह कैंप सुबह 10 बजे से नटराज डाइनिंग हॉल के पीछे होटल ओप्युलेंस इन में आयोजित होगा।

बैठक सम्पन्न

उदयपुर, (कासं)। श्री लक्ष्मीनारायण युवा परिषद कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक अशोक नगर स्थित कार्यालय पर सम्पन्न हुई। संस्थापक हीरालाल एवं परिषद अध्यक्ष जमनाशंकर धुलावत ने बताया कि लक्ष्मीनारायण का अन्नकूट महोत्सव 1 दिसम्बर को लक्ष्मीनारायण भगवान मंदिरमें करने की चर्चा कर समितियों का गठन कर कार्य सौंपा।

मोगरा को नारी शक्ति अवार्ड

उदयपुर, (कासं)। इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ मटीरियल्स मैनेजमेन्ट की नेशनल अवार्ड कमेटी ने नेशनल काउंसलर प्रिया मोगरा को नारी शक्ति 2024 अवार्ड से सम्मानित किया । राष्ट्रीय स्तर का यह अवार्ड मोगरा को दूसरी बार प्राप्त हुआ है। विगत 5 वर्ष के इतिहास में प्रिया मोगरा प्रथम महिला हैं जिन्हें आईआईएमएम की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति में भी सम्मिलित होने के गौरव प्राप्त हुआ है।

अवार्ड समारोह में बेस्ट चेयरमैन अवार्ड आईआईएमएम की उदयपुर शाखा को मिला और अनिल मिश्रा मुख्य महाप्रबन्धक जेके टायर को सम्मानित किया गया।एससीएम के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए अविनाश भटनागर को प्रतिष्ठित मेम्बरशिप अवार्ड से सम्मानित किया। भिवाडी में आयोजित इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ मटीरियल्स मैनेजमेन्ट् के स्वर्ण जयन्ति वर्ष समारोह एवं राष्ट्रीय सम्मेलन नेटकॉम 2024 के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष एल.आर. मीणा द्वारा यह अवार्ड प्रदान किए गए। इस समारोह में देश के लगभग 500 वरिष्ठ सप्लाई चेन मैनेजमेन्ट प्रोफेशनल्स, पदाधिकारी एवं आईआईएमएम के सदस्य सम्मिलित हुए।

बैठक स्थगित

उदयपुर, (कासं)। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 23 नवम्बर को उदयपुर में प्रस्तावित बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त छोगाराम देवासी ने बताया कि 23 नवम्बर को सुबह 10 बजे मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रस्तावित उदयपुर एवं बांसवाड़ा संभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक अपरिहार्य कारणों से अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दी गई।

'जीवन में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें'

प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

बांसवाड़ा, (निसं)। हर आदमी को जीवन में सफलता की ओर जाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उस दिशा में सकारात्मक सोच के साथ काम कर आगे बढना चाहिए। केन्द्र सरकार की इच्छाशक्ति और संकल्पशक्ति के कारण ही असंभव लगने वाले लक्ष्य भी अब पूर्ण हो रहे हैं। यह उद्गार बांसवाडा पंचायत समिति के प्रधान बलवीर सिह रावत ने व्यक्त किए।

रावत केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय-डूंगरपुर, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से बांसवाड़ा शहर में 20 नवम्बर से चल रही विकसित भारत 2047 मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। उन्होने विकसित भारत बानाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर नागरिक को अपनी भागीदारी निभानी होगी। समापन समारोह के प्रारंभ में सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के आयोजन का उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए प्रदर्शनी में पिछले तीन दिनों के दौरान की गई विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होने बताया की बांसवाड़ा शहर में संचालित सभी सरकारी विधालयो, महाविद्यालयों, नर्सिग कॉलेज, नगर निगम के कार्मिको, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यकर्ताओ, सहायिकाओ, महिला अधिकारिता विभाग की साथिनो, एनसीसी, स्काउट गाइड, एनएसएस सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियो, जिला प्रशासन के अधिकारियों ने सहयोग किया संचालन और आभार क्षेत्रीय प्रचार सहायक नरेश कुमार ने किया। प्रदर्शनी के दौरान लगभग 20 प्रतियोगिता तथा 12 संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

- **सांस्कृतिक प्रस्तुति से योजनाओं का संदेश दिया**

प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इसके अलावा प्रदर्शनी में केन्द्र एवं राज्य सरकार के अनेक विभागों कृषि विभाग, जिला परिषद, भारतीय डाक विभाग, जिला अग्रणी बैंक, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग, महिला अधिकारिता विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टाल लगाई गई स्टालो पर नियुक्त कर्मियों को विभाग की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विभाग के पंजीकृत दल माही लोक कला मंडल के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सरकारी योजनाओं का संदेश दिया।

कार्यालय नगर निगम, उदयपुर
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दूरभाष स. 0294-2421255, 2420013, Helpline no.0294-2426262 वेबसाइट- www-udaipurmc.org
क्रमांकः- एस.के./2024.25/01/204 दिनांक :- 21.11.24
ई-बोली आमन्त्रण सूचना संख्या-ई- 01/2024-25
नगर निगम उदयपुर द्वारा विभिन्न अवसरों पर आवश्यकता अनुसार, अल्पाहार, भोजन व पानी के केम्परो की आपूर्ति कार्य की दर संविदा हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा की अनुमानित लागत 30.00 लाख है। ऑनलाइन निविदा फार्म मिलने की प्रारंभ दिनांक 25.11.24 अंन्तिम दिनांक 05.12.24 तथा खुलने की दिनांक 06.12.24 रहेगी।
UBN No. UNP2425WSRC00140
आयुक्त
राज.संवाद/सी/24/8154 नगर निगम, उदयपुर

Vidya Bhawan Society, Udaipur
(Vidya Bhawan Polytechnic College, Udaipur
DANIDA IWRM Project)
Ref No.-VBP/DANIDA/FCRA/63 Dated:23-11-2024
Tender Notice
Vidya Bhawan Society, Udaipur invites open tender quotations from eligible manufacturers for one of each (1) Multi-Probe Sensor and (2) Colorimeter for water quality testing with required accessories for the IWRM DANIDA Project of Vidya Bhawan Polytechnic College, Udaipur, submit till 30 Nov.2024 by 5.00 PM.
Full specifications and details are available at https://vidyabhawan.in/.
Contact: [9414386148], [Dashora.yogita@gmail.com].

ऋण वसूली प्राधीकरण
पहली मंजिल, सुथर्मा II, लाल कोठी शापिंग सेन्टर, टोंक रोड, जयपुर-302015
केस नं. ओए/770/2024
एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) ऋण वसूली प्राधीकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के साथ पठित के तहत सम्मन
ईएक्सएच.नं. 13201
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि.
बनाम
मै.जय लक्ष्मी फर्नीचर उद्योग
प्रेषित,
1. मै. जय लक्ष्मी फर्नीचर उद्योग, कार्यालय, मकान नं.23, कल्याण विहार, भीलाडी माता के पास, एच पी गैस गोदाम के पास, गिरवा, उदयपुर, राजस्थान-313001
2. दिलीप शर्मा पुत्र बसन्ती लाल शर्मा, निवासी मकान नं.23, कल्याण विहार, भीलाडी माता के पास, एच पी गैस गोदाम के पास, गिरवा, उदयपुर, राजस्थान-313001
3. कुसुम शर्मा पत्नी दिलीप शर्मा, निवासी मकान नं. 23, कल्याण विहार भीलाडी माता के पास, एच पी गैस गोदाम के पास, गिरवा, उदयपुर, राजस्थान-313001
सम्मन
जैसा कि, ओए/770/2024 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 05.08.2024 को सूचिबद्ध था,
जैसा कि, यह माननीय प्राधीकरण आपके खिलाफ रु. 9890022/- (आवेदन तथा दस्तावेजों की प्रतियाँ आदि संलग्न) के ऋण की वसूली के लिये, एक्ट के सैक्शन 19(4) के तहत दायर अकत आवेदन (ओ.ए.) पर सम्मन / नोटिस जारी करता है।
एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) के अनुसार, आप प्रतिवादी को निम्न अनुवाद निर्देशित किया जाता है-
(i) सम्मन प्राप्त होने के तीस दिन में कारण बताये कि प्रार्थना की गयी राहत क्यों नहीं दी जाये।
(ii) आवेदक द्वारा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित सम्पत्तियों तथा परिसम्पतियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों के विवरण प्रकट करें।
(ii) सम्पत्तियों की कुर्की के लिये किये गये आवेदन की सुनवायी तथा निस्तारण के लम्बित रहते सिक्योर्ड सम्पत्तियों अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों का लेन-देन अथवा बिक्री करने से आप प्रतिबन्धित हैं।
(iv) किसी भी परिसम्पत्ति जिन पर सिक्योर्ड हित बन चुका है, तथा/अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अथवा प्रकट अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों को आप व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के अलावा, बिक्री, लीज अथवा अन्य प्रकार से प्राधीकरण की पूर्व अनुमति के बिना, ट्रांसफर नहीं करेंगे।
(v) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में सिक्योर्ड परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों बिक्री के लिये तथा ऐसी बिक्री राशी को ऐसी परिसम्पत्तियों पर सिक्योर्ड हित रखने वाले बैंक अथवा वित्तीय संस्थान के खाते में जमा कराने के लिये आप उत्तरदायी होंगे।
आपको निर्देशित किया जाता है कि लिखित जवाब दायर करें व उसकी प्रति आवेदक को उपलब्ध करें तथा रजिस्ट्रार के समक्ष 24.01.2025 को प्रातः 10.30 बजे उपस्थित हो, अन्यथा आवेदन आपकी अनुपस्थिति में सुचना जायेगा व निर्णय किया जायेगा।
इस प्राधीकरण की सील तथा मेरे द्वारा इस तिथी 17.08.2024 को जारी किया गया।
रजिस्ट्रार
ऋण वसूली प्राधीकरण, जयपुर

गांव के शहरीकृत क्षेत्रों को नगर निगम सीमा में शामिल कर जनता को राहत दे सरकार : चौधरी

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर नगर निगम सीमा के पास की पेरा.फेरी क्षेत्र की पंचायतों को परिसीमन कर नगर निगम में शामिल करने की मांग को लेकर शुक्रवार को उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री को जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया गया।

उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बताया कि वर्षों से लंबित इस मांग को लेकर आज उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी के नेतृत्व में उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ज्ञापन दिया गया।ज्ञापन में मांग राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि आज इन पेरा फेरी की पंचायतों में नगर विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत कॉलोनियों में हजारों स्थानीय निवासी निवास कर रहे है। लेकिन पंचायतों के

- **उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन दिया**

पास फंड के अभाव में ये कॉलोनीवासी मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी एवं सडक से वंचित है। ऐसे में इन कॉलोनियों का विकास तभी संभव है जब इन शहरीकृत क्षेत्रों को परिसीमन में नगर निगम की सीमा में शामिल कर लिया जाए और अधिकांश ग्राम पंचायतों ने इसके लिए अपनी स्वीकृति भी दे दी है। अब सिर्फ राज्य सरकार को चाहिए कि वो आने वाले नगर निगम चुनाव से पहले नगर निगम का परिसीमन कर इन पंचायतों को नगर निगम की सीमा में लेने का आदेश प्रदान करे जिससे कि इन क्षेत्रों का समुचित विकास हो सके। ज्ञापन देने के बाद मीडिया को अपना वक्तव्य देते हुए उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी गई है। लेकिन राज्य सरकार की ओर से निकायों के परिसीमन को लेकर अब तक कोई प्रक्रिया शुरू नहीं करी गई है। जबकि नगर निगम की ओर से वर्ष 2012 में ही राज्य सरकार को शहरी सीमा विस्तार के प्रस्ताव भिजवाए जा चुके है। और उदयपुर नगर निगम की सीमा का विस्तार अंतिम बार 1969 में हुआ था। पिछले 55 वर्षो से शहर की सीमा का विस्तार नहीं हुआ है। जबकि पिछले दस से पंद्रह वर्षो से शहर से नजदीक बसी हुई ग्राम पंचायतों का शहरीकरण हो चुका है। और ग्राम पंचायतों के पास समुचित विकास फंड ना होने के कारण इन क्षेत्रों का विकास भी नहीं हो पा रहा है। और इन ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर निगम सीमा में शामिल किए जाने की मांग भी कई बार की जा चुकी है। विकसित ग्राम पंचायतों को नगर निगम सीमा में शामिल ना किए जाने से लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड रहा है। ऐसे में परिसीमन कर इन सीटों को नगर निगम की सीमा में शामिल करने से ही विकास हो पाएगा।

उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने अपने वक्तव्य में कहा कि इन क्षेत्रों में कालोनीवासियों को अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पडता है। किसी समस्या के निवारण के लिए निगम में जाने पर उस क्षेत्र को पंचायत में होने का हवाला देकर टाल दिया जाता है और पंचायतों के पास इतना फंड नहीं होता कि वो रोड लाइटए नल कनेक्शन और कचरा निस्तारण के लिए उचित व्यवस्था कर सके।

फतह स्कूल में सुबह 8 बजे शुरू होगी मतगणना

उदयपुर, (कासं)। विधानसभा उपचुनाव-2024 के तहत मतगणना 23 नवम्बर को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। सलूम्बर विधानसभा की गणना पीएमश्री राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरजपोल में होगी। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि मतगणना के लिए गणना स्थल पर माकूल बंदोबस्त किए गए हैं। मतगणना स्थल के गेट नंबर 1 से सभी नियोजित अधिकारियों, गणना कार्मिकों का प्रवेश होगा। वहीं गेट 2 से राजनैतिक दलों के गणना एजेंट सहित अन्य के प्रवेश की व्यवस्था रहेगी। डाक मत पत्रों की गिनती सुबह 8 बजे प्रारंभ होगी। इसके लिए 2 टेबल लगाई है।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी के निर्देशन में प्रत्येक टेबल पर एक माइक्रो आब्जर्वर, 1 गणन पर्यवेक्षक एवं 2 गणन सहायक नियुक्त किए गए हैं। ईवीएम से गणना के लिए 14 टेबल लगाई हैं। प्रत्येक टेबल पर एक माइक्रो आब्वर्जर, एक गणन पर्यवेक्षक एवं एक गणन सहायक नियुक्त रहेंगे। सलूम्बर विधानसभा की गणना 22 राउण्ड में पूर्ण होगी। मतगणना स्थल पर सुरक्षा के माकूल बंदोबस्त किए गए हैं। मतगणना स्थल पर सिर्फ अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जाएगा।

GRAM PANCHAYAT OFFFICE TIDI,
PANCHAYAT SAMITI GIRWA (UDAIPUR)
LETTER NO.: 2024-25/58 DATE: 22.11.2024
E-TENDER NOTICE
E-Tender Notice are invited for goods. Details about Tender Specification, cost, EMD, tender inviting and receiving dates etc. available at http://sppp.rajasthan.gov.in and https://eproc.rajasthan.gov.in/.
UBN NO. - ZUD2425GLRC01705
SARPANCH
Gram Panchayat TIDI
P.S. GIRWA